कर्नाटक सरकार

परिसर अध्ययन
ENVIRONMENTAL STUDIES

अभ्याससहित पाठ्यपुस्तक
TEXT CUM WORK BOOK

(REVISED) PART-2

हिन्दी माध्यम
HINDI MEDIUM

2

दूसरी कक्षा
SECOND STANDARD

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

KARNATAKA TEXT BOOK SOCIETY (R.)

6th Cross, Malleshwaram,

Bengaluru - 560 003

विषय-सूची

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	पाठ	पृष्ठ संख्या
10.	हमारी सम्पत्ति	1 - 7
11.	यात्रा	8 - 18
12.	मेरा परिवार	19 - 25
13.	त्योहार आया त्योहार	26 - 32
14.	बड़ों का उपचार	33 - 35
15.	सहायता - सहयोग	36 - 40
16.	खेलो नाचो	41 - 48
17.	हमें ये भी चाहिए	49 - 53
18.	आकाश में	54 - 62
19.	सुन्दर गाँव मेरा गाँव	63 - 70

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 10

हमारी सम्पत्ति

Y1Z6R4


इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- आम सम्पत्ति को पहचानोगे। आवश्यक पूर्तियों की जानकारी बड़ों से पूछकर जानलोगे।


चित्र देखो, यह जानो कि सुजाता कहाँ खड़ी है। यह सुजाता का घर है। उसका विद्यालय बहुत दूर है। सुजाता हर रोज अपनी सहेलियों के साथ विद्यालय जाती है।

विद्यालय जाते समय सुजाता किन स्थानों से होकर जाती है? उसके साथ जाओ, पता लगाओ। सुजाता उनके बारे में बतायेगी।

जहाँ बाण का चिह्न लगाया है, वहाँ से आरंभ करो।




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




मेरे घर से विद्यालय की ओर जाते समय पहले डाक घर लगता है। यहाँ से पत्र दूसरे गाँव में रहने वाले मित्र, बंधुओं को भेज सकते हैं।

तुम्हारे गाँव के डाक घर जाकर वहाँ के कार्यों के बारे में जान लो।


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



यह देखो ! सड़क के दीप। रात के समय चलने के लिए लोगों को प्रकाश चाहिए न? इसलिए इन्हें जहाँ - तहाँ लगाते हैं।




यह रास्ते का नल है। यहाँ जो चाहे पानी ले सकते हैं। नल खराब मत करो। पानी अनावश्यक मत गिराओ।



अलग-अलग गाँवों को जाने के लिए एक जगह ठहरनेवाली बसों का ठिकाना ही बस अड्डा है। तुम्हारे गाँव के बस अड्डे को भेंट दो तथा वहाँ की स्वच्छता के बारे में जानो।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




यह शौचालय है। सबके उपयोग के लिए है। गाँव में जहाँ - तहाँ ऐसे शौचालयों का निर्माण किया गया। ये क्यों चाहिए, यह जानो। जहाँ चाहे वहाँ मलमूत्र विसर्जन मत करो। शौचालय के उपयोग करने की आदत डालो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




यह गाँव की योग्यमूल्य दुकान है। यहाँ कम दाम में चावल, गेहूँ, चीनी, तेल आदि वस्तुएँ मिलती हैं।



यह एक अस्पताल (दवाखाना) है। लोगों का स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए अस्पताल चाहिए। तुम किस संदर्भ में अस्पताल गए थे? बताओ।

© KTES NOT TO BE REPUBLISHED



बगीचे से होते हुए जाने पर वहाँ मेरा विद्यालय है। इस बगीचे में अनेक प्रकार के पेड़, पौधे, बेलें हैं। चिड़ियाँ, तितलियाँ उड़ती रहती हैं। बैठने के लिए पत्थर के आसन हैं। यह सुंदर बगीचा है।



यही मेरा विद्यालय है। यह विशाल है। यहाँ आठ कमरे हैं। विद्यालय के दाहिनी ओर खेल का मैदान है। इसे मैं और मेरे मित्र मिलकर साफ़ करते हैं। मेरा विद्यालय मुझे बहुत पसंद है।

तुम्हारे विद्यालय के बारे में दो वाक्य बताओ।

@KIRBS NOT TO BE REPUBLISHED


सुजाता के घर से विद्यालय जाते समय तुमने क्या क्या देखा? निम्न कोष्टक में लिखो।

क्र.सं.	देखी हुई जगह	ये तुम्हारे गाँव में हो तो (✓) चिह्न लगाओ।	ये तुम्हारे गाँव में न हो तो (×) चिह्न लगाओ।
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			
6.			
7.			
8.			
9.			
10.			

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

लोगों को सहायता करने के लिए गाँव में विद्यालय, ड़ाक घर, अस्पताल, योग्यमूल्य दुकान, शौचालय, बस अड्डा, सड़क दीप, सड़क-नल रहते हैं। ये सब हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। ये सब की संपत्ति है। इसलिए ये सार्वजनिक कहलाते हैं।

तुम्हारे गाँव में स्थित आम संपत्ति को इन गोलों में लिखो। हर एक का उपयोग अपने अध्यापक या बड़ों से जान लो।



@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

गाँव में सभी के द्वारा उपयोग करने की सहूलियतें ही आम संपत्ति है। इन सहूलियतों की आवश्यकता हम सभी को है। आम संपत्ति को नुकसान न पहुँचाते हुए सावधानी से उसकी रक्षा करना चाहिए। आम नल तथा सड़क दीपों का नुकसान नहीं करना चाहिए। सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ रखना चाहिए। बगीचों में कचरा नहीं डालना चाहिए।

एक वाक्य में उत्तर दो

1) तुम डाक पत्र कहाँ से लेते हो?

2) तुम्हारे गाँव के अस्पताल से तुम्हें क्या फायदा है?

3) गाँव में बस रुकने के स्थान का नाम बताओ।

4) तुम्हारा विद्यालय सुन्दर लगने के लिए तुम क्या करोगे?

5) सड़क (गली के) नल क्यों है?

@KIBS NOT TO BE REPUBLISHED

आम संपत्ति - हम सबकी संपत्ति

पाठ - 11

यात्रा

M4L6W8

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- परिवहन साधनों को तेज तथा धीमे वाहनों के रूप में वर्गीकरण करोगे।
- भू, जल, तथा वायु परिवहन को पहचानोगे।

➢ तुम विद्यालय कैसे आओगे?

➢ तुम दूसरे गाँव जाना चाहो तो कैसे जाओगे?






एक ओर से दूसरी ओर लोगों को तथा सामान पहुँचाने के साधन ही वाहन हैं।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तुम्हारे देखे हुए वाहनों के नाम लिखो।

1. _____
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____
6. _____
7. _____
8. _____

चित्र में स्थित वाहनों के नाम चौकोन में लिखो।


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्नलिखित धीमे तथा तेज चलनेवाले वाहनों को (✓) चिह्न लगाओ।


क्र.सं.	वाहनों के नाम	धीरे (चलती है)	तेज (चलती है)
1	साइकिल		
2	बैलगाडी		
3	बस		
4	रेल		
5	विमान		
6	लारी (ट्रक)		
7	टाँगा		
8	मोटर साइकिल		
9	ऑटोरिक्षा		
10	नाव		


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED






रहीम का गाँव कारवार है। उसके नाना का घर उडुपि में है। अब वह नाना के घर चला है। निम्नलिखित किस वाहन से रहीम यात्रा करेगा तो अपने नाना के घर जल्दी पहुँचेगा? उस वाहन के (✓) चिह्न लगाओ।












हरिणी शिवमोग्गा से अपनी नानी के घर तुमकूर किस वाहन से जाए तो अच्छा होगा? उस वाहन के सामने (✓) लगाओ।





@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कलबुरगि में रमेश और जॉन आजू-बाजू के घर में हैं। वे एक ही कार्यालय में काम करते हैं। हर रोज रमेश साइकिल से और जॉन मोटर-साइकिल से एक ही समय घर से कार्यालय की ओर निकलते हैं। इनमें से सबसे पहले कार्यालय कौन पहुँचेंगे? दिये गये कोष्टक में (✓) चिह्न लगाओ।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तर दो

➢ जमीनपर चलनेवाले कोई 4 वाहनों के नाम लिखो।

➢ पानी पर चलनेवाले वाहन देखे हैं? उनके नाम लिखो। तुमने उनसे यात्रा की है? बताओ।

➢ हवा में चलनेवाले वाहन तुम जानते हो? एक वाहन का नाम लिखो।

यहाँ कुछ वाहनों के नाम दिये गये हैं। वे कहाँ चलते हैं नीचेवाले खानों में लिखो।

लॉरी, बस, साइक्लि, नाव, विमान, कार, बैलगाड़ी, जहाज, हेलिकाप्टर, टाँगा, मोटर-साइकिल, द्रोणी।

जमीनपर चलनेवाले वाहनों के नाम	पानी पर चलनेवाले वाहनों के नाम	हवा में चलनेवाले वाहनों के नाम

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


- जमीनपर चलनेवाले वाहन-सुविधा को भू-परिवहन कहते हैं।
- पानीपर चलनेवाले वाहन-सुविधा को जल-परिवहन कहते हैं।
- हवा में चलनेवाले वाहन-सुविधा को वायुयान कहते हैं।

रंग भरो

नीचे दिये गए बिंदु मिलाकर रंग भरो। इन वाहनों को पहचानो।









@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

निम्नलिखित चित्र में वाहन तथा उनकी उपयोगिता दी गई है। लकीर खींचकर जोड़ो।


















@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



चित्र में दिखाई देनेवाले वाहनों में लोगों को ले जानेवाले वाहनों को लगाओ। सामान ढो ले जानेवाले वाहनों को चिह्न लगाओ। दोनों ढो ले जानेवाले वाहनों को चिह्न लगाओ।

दियासलाई (काड़ी) की डब्बियाँ जोड़कर रेलगाड़ी बनाओ। कागज से विमान बनाओ। घर में उड़ाओ।

मैं कौन? पहेलियाँ पहचानो।

उड़ता हूँ पंछी नहीं
चमकता हूँ तारा नहीं
पहिया है कार नहीं
तेज है चीता नहीं
जानो मैं कौन हूँ

रास्तेपर चल नहीं पाता
आसमान में घूम नहीं पाता
बिजली जैसी गति मेरी
चुकबुक आवाज है मेरी
जानते हो मेरा नाम

देखो सब खेल मेरा
पानी पर चलना मेरा
किसी तरह के पंख नहीं
कोई मुझे तकलीफ नहीं
बोलो नाम जल्दी मेरा

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 12

मेरा परिवार

D7X7I9

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- परिवार की विविधता को पहचानोगे।
- परिवार एक आधार व्यवस्था है - इसकी जानकारी लोगे।
- हम दूसरों के जैसे हैं, फिर भी दूसरों से अलग हैं - इसकी जानकारी लोगे।

ये चित्र देखो। हर परिवार के सदस्यों की संख्या गिनकर लिखो।

क्र.सं.	परिवार चित्र	परिवार के लोगों की संख्या
परिवार 1		
परिवार 2		
परिवार 3		


© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

परिवार 4		

- सबसे कम सदस्यों का परिवार कौन-सा है? ☐
- सबसे ज्यादा सदस्य वाला परिवार कौन-सा है? ☐
- तुम्हारे घर में परिवार के सदस्यों की संख्या बताओ। ☐

यहाँ के चित्र देखो। कौन से चित्र में कम लोग हैं, उसे (✓) चिह्न लगाओ।





खाली जगह भरो,



सबसे कम सदस्य वाले परिवार को छोटा परिवार कहते हैं।
ज्यादा सदस्य वाले परिवार को बड़ा परिवार कहते हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED

विमला के परिवार में छः जने हैं। दादी, दादा, माता, पिता, भैय्या और विमला।



विमला के परिवार का चित्र देखो। यहाँ क्या चल रहा है, बताओ। घर में तुम्हारे कामों में कौन सहायता करते हैं? बताओ।


परिवार के सदस्य तुम्हारी खेलकूद और अन्य कामों में सहायक बनते हैं। परिवार के सदस्यों की आवश्यकता सभी को होती है।

NOT TO BE REPUBLISHED

चित्र देखो



विमला अपने पडोसी राधा के घर जा रही है ।




NOT TO BE © TBS PUBLISHED

उत्तर दो।

- इस चित्र में विमला क्या कर रही है?
- कौन इसकी मदद कर रहा है?
- तुम्हारे कामों में पड़ोसी मदद करते हैं?
- तुम पड़ोसियों की मदद करते हो?

पडोसियों की सहायता करने की आदत बना लो।



इन चित्रों को देखो। दिये गये गोले में निम्नलिखित वाक्यों के अनुसार रंग भरो।


- मोटा आदमी - लालरंग
- घुँघराले बालों वाला व्यक्ति - काला रंग
- दुबला आदमी - नीला रंग
- नाटा आदमी - हरा रंग
- लंबे बालों वाला व्यक्ति - केसरी रंग

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तुम्हारे मित्र / सहेलियों के लक्षण की सूची बनाओ।

मित्र / सहेलियों का नाम	रंग	लंबा - नाटा	मोटा-दुबला	बाल (सीधे, घुंघराले)	बाल लंबे-छोटे

इस सूची से तुम्हारे और तुम्हारे मित्र / सहेलियों के लक्षणों के अंतर को पहचानो। मित्र/सहेलियों के साथ चर्चा करो।



चित्र में जानकी, फरीदा, सलीम, जॉन, रमेश सभी लगोरी खेल रहे हैं।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

सभी देखने में अलग से दिखते हैं। ये सब मिलकर विद्यालय एक साथ आते हैं। सभी स्कूल का समवस्त्र पहनते हैं। सब मिलकर पढ़ाई करते हैं, मिलकर नाचते हैं। सभी प्रेम से रहते हैं। एक-दूसरे की मदद करते हैं।

तुम और तुम्हारे मित्र अलग-अलग दिखाई देते हैं न? तुम भी मित्रों के साथ मिलकर खेलते हो न? एक - दूसरों की मदद करते हुए प्यार से रहते हो न?

गाओ-नाचो

मैं लम्बा, तुम नाटे
देह का रंग गोरा
स्कूल में पढ़ने वाले
हम दोनों हैं मित्र।

काली-भूरी आँखें
लम्बे-छोटे बाल
नाक-कान कुछ
है अलग हैं देखने।

मैं भी अलग तूँ भी अलग
दूसरों की नजरों में
कुछ भी हो, मिलकर
नाचेंगे मिल-जुलकर।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 13

त्योहार आया त्योहार

T3P9E4


इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- परिवार और रिश्तेदारों के समारोह में भाग लिये हुओंका विवरण दोगे।

ये चित्र देखो। यहाँ हो रहे समारोहों के नाम दिये गये कोष्टक में लिखो।







© SCERT TBS NOT TO BE REPUBLISHED

रीटा के जन्म दिवस का चित्र देखो, कहानी सुनाओ।



© KTPS NOT TO BE REPUBLISHED


उत्तर दो :

- तुम्हारे घर में कौन से समारोह होते हैं?
- तुम्हारे घर में कौन-कौन से त्योहार मनाये जाते हैं?
- तुम्हारे घर में मनाये गये किसी एक समारोह या त्योहार के बारे में दो वाक्य बताओ।
- तुम अपने मित्र या संबंधियों के घर में मनाये गये समारोह में भाग लिये हो?
- किसी एक समारोह का नाम बताओ।

निम्न चित्र देखो। ये त्योहार कौन-कौन से हैं? दिये गये कोष्टक में उनके नाम लिखो।







@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दीपों का त्योहार ही दीपावली। हिन्दू उत्साह के साथ यह त्योहार मनाते हैं। इस दिन घर में सभी नये कपड़े पहनते हैं। विविध तरह की मिठाइयाँ बनाकर खाते हैं। घर में दीप जलाकर हरे रंग के पटाखे फोड़ते हैं।





रमजान मुसलमानों का प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार एक महीना उपवास के बाद मनाया जाता है। परिवार के सभी मिठाई बाँटकर शुभकामनाएँ देते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

येसुक्रिस्त का जन्म दिन ही क्रिसमस कहलाता है। ईसाई यह त्योहार दिसंबर 25 के दिन हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। नये कपड़े पहनकर केक बाँटते हुए सभी को शुभकामनाएँ देते हैं।





चित्र देखो। इन समारोहों में तुमने भागलिया हो तो (✓) चिह्न लगाओ।






चित्र देखो, समारोह का नाम लिखो।










@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED








चित्र देखो, समारोह का नाम लिखो।




तुम्हारे विद्यालय में मनाये जानेवाले त्योहार, समारोह के नाम बताओ। विद्यालय के समारोह में तुम्हारे मित्र/सहेलियों के साथ कैसे भाग लेगे? बताओ। अपनी पसंद का एक शाला-समारोह का विवरण दो।

© KSSS NOT TO BE REPUBLISHED

चित्रों में रंग भरो।







© MTRC NOT TO BE REPUBLISHED

विविध तरह की रंगोली डालना सीखो। बड़ों से रंगोली में भरे जानेवाले रंग देखो।

तुम्हारे घर में मनाये जानेवाले त्योहार या समारोह में परिवार के सदस्य घर को किस तरह सजाते हैं यह देखो, तुम भी सीखो।

पाठ - 14

बड़ों का उपचार

X5M2F8

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- रोगियों और बड़ों की मदद करने की मनोभावना बढ़ालोगे।





NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तर दो


- दादी क्यों सोई थी?
- राजू ने दादी की कैसे सहायता की?
- तुम्हारे पिता, माता, दादा, दादी को कैसे सहायक बनते हो?


ये चित्र देखो। यह बताओ कि बच्चे क्या कर रहे हैं?








ये चित्र देखो, जो सही है उसे (✓) का चिह्न और जो गलत है उसे (☐) का चिह्न लगाओ।














@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

चित्र देखो। इस संदर्भ में तुम क्या करोगे? बताओ।



@KTPUBLISHER NOT TO BE REPUBLISHED

गाओ-नाचो

बड़ों के कामों में सहकार
रोगी को चाहिए उपचार
करना सीखो तुम उपकार
बढ़ा लो तुम ममकार।

हमें बड़ों का आदर करना चाहिए। बड़ों को, बीमारों को प्यार से देखना चाहिए।

पाठ -15

सहायता - सहयोग

D1E4B3

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- घर में कौन-कौन, क्या-क्या काम करते हैं - इसकी जानकारी लोगे।

यह रामू का मकान है। रामू के घरवालों के किए कामों को देखो।



कौन क्या काम कर रहे हैं? दिये गये कोष्टक में लिखो।

- बगीचे को पानी देना [ ]
- फूल तोड़ना [ ]
- चोटी बाँधना [ ]
- किताबे जोड़ना [ ]

सुबह से श्याम तक तुम्हारे घर में होनेवाले कामों को याद करो। हर एक काम परिवार के किस सदस्य ने किया, बताओ।

यह ममता का घर है। यहाँ उसके पिता, माता और भैया रहते हैं। ममता के मकान में होनेवाले काम इस चित्र में बताये गये हैं।





NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS


उत्तर दो


- ममता के मकान में कौन से काम होते हैं? बताओ।
- ये काम कौन करते हैं?
- ये सभी काम अकेले ही करने पर क्या होगा? विचार करो।
- तुम्हारे घर में सभी मिलकर किये जाने वाले काम बताओ।
- सभी मिलकर काम करने से होनेवाले लाभ बताओ।


घर में तुम करनेवाले कामों को (✓) चिह्न लगाओ।

























@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


तुम घर के किन कामों में सहायता करोगे, बताओ।

निम्न चित्र जोड़ो।



















@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्न बताये गये विवरण की तरह अभिनय करो

1) कुएँ से पानी निकलना
2) पौधे को पानी देना
3) लकड़ी फोड़ना
4) बर्तन धोना
5) कपड़े धोना
6) झाड़ु लगाना
7) तरकारी काटना
8) चोटी डालना (गूँथना)

गाओ-नाचो

हमारा घर ही मंदिर
देखने में कितना सुन्दर
मिलकर यहाँ काम कर
बनाओ फूलों का छप्पर
बचाओ समय, पाओ सुख
मिलेगा प्रेमादर।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 16

खेलो-नाचो

Y6F7K4

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- विद्यालय के अंदर और बाहर खेले जानेवाले खेलों की सूची बनायेंगे।

ये चित्र देखो। तुम घर में और विद्यालय में खेलनेवाले खेलों को (✓) चिह्न लगाओ।



© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED




मित्रों के साथ मिलकर, समूह में कौन कौन से खेल खेलेंगे? बताओ। पाँच खेलों के नाम यहाँ लिखो।

@IETBS NOT TO BE REPUBLISHED

चित्र देखो, ये खेल कहाँ खेल रहे हैं? निम्न संबंधित कोष्टक में (✓) चिह्न लगाओ।



अंदर ☐ बाहर ☐



अंदर ☐ बाहर ☐



अंदर ☐ बाहर ☐



अंदर ☐ बाहर ☐

© BKTBS NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ बनाई गई सूची के खेलों में बाहर या अंदर खेले जानेवाले खेलों को उस सूची में (✓) चिह्न लगाओ।

खेल	अंदर	बाहर
पासों का खेल		
केरम्		
चकार (चौका बारा)		

लगोरी		
क्रिकेट		
साँप सीढी		
जुआ		
रस्सी का खेल		
लट्टू का खेल		
वॉलीबॉल		
कबड्डी		

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विद्यालय या घर के भीतर खेले जानेवाले खेलों को भीतरी आँगन के खेल कहते हैं।	विद्यालय या घर के बाहर खेले जानेवाले खेलों को बाहरी आँगन के खेल कहते हैं।

इन खेलों को देखो। दिये गये कोष्टक में भीतरी आँगन को □ और बाहरी आँगन के खेलों को △ चिह्न लगाओ।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इन खेलों को खेलने के लिए उपयोग करने की सामग्री दी गई जगह में लिखो।

क्रिकेट _____ _____ _____

लगोरी _____ _____ _____

गुल्ली डंडा _____ _____ _____

वाली बॉल _____ _____ _____

पत्थरी खेल _____ _____ _____

साँप सीढी _____ _____ _____

चकार (चौकाबारा) _____ _____ _____

गोली (गोटी) _____ _____ _____

कबड्डी _____ _____ _____


आँख मिचौनी _____ _____ _____


स्कूल के अन्दर तथा बाहर खेल जाने वाले खेलों के चित्र संग्रह कर, चिपकाओ।

विद्यालय के भीतर	विद्यालय के बाहर

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बिंदु जोडो। चित्रों में रंग भरो।





@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गाओ - नाचो

खेल के नमूने सैकड़ों।
अन्दर - बाहर कई हैं।।

लगोरी, क्रिकेट बाहरी मैदान।
खेल खेलने चाहिए मैदान।।

केरम खेलने भीतरी मैदान।
शतरंज को भी भीतरी मैदान।।

गर-गर घूमता लट्टू।
हाथ में ले लो गिल्ली-डंडा।।

उछल-कूद का गेंद-खेल।
रंग-बिरंगी गोली-खेल।।

मित्रों के संग खेलूँगा।
नाच-कूद कर झूमूँगा।।



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 17

हमें ये भी चाहिए

W1A6A7

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,


- अपनी जरूरतों के बारे में जानोगे।

इन चित्रों से तुम क्या जानोगे?



मैं सीखने विद्यालय जाऊँगी।





सब्जी लाने बाजार जाऊँगी।






चावल, गेहूँ चाहिए योग्य दुकान जाऊँगा।






बहुत सर्दी हुई हैं। अस्पताल जाकर दवाई लाऊँगी।



© SCERT TBS NOT TO BE REPUBLISHED




गाँव जाने के लिए बस अड्डे पर जाऊँगा।



विद्यालय, बाजार, अस्पताल, उचित दर दुकान, बस अड्डा, डाक-घर ये अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।


ये चित्र देखो, ये तुम्हारे गाँव में हो तो (✓) चिह्न लगाओ।
















ये तुम्हें क्यों चाहिए? बताओ।

NOT TO BE REPUBLISHED © SCERT

रेखा खींचकर जोड़ो























@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गाओ - नाचो

खेल खेलने पाठ सीखने,

विद्यालय में आओ ;

दादा दादी के गाँव जाने

पों, पों बस में चढ़ जाओ।

विविध फल, तरकारी,

बाजार देखने बस नहीं होगी आँखे सारी ;

ब्रेड लाये दुकान से

रोग मिटाये अस्पताल से

सब हमें, ये सब कुछ ही हमें,

नुकसान करने से कुछ नहीं होगा हमें ;

सारी सहूलियतें हमें,

उनकी रक्षा करना है हमें।

@KTDS NOT TO BE REPUBLISHED

ये सब हमें चाहिए



© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED


पाठ - 18

आकाश में

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,


- सूर्य, चंद्र, नक्षत्रों को देखकर इनके लक्षण जानोगे।
- पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशाओं को पहचानोगे।

यह चित्र देखो। अब कौनसा समय है? बताओ।





NOT TO BE REPUBLISHED @KIBS

दिन के समय में आकाश में क्या दिखाई देता है? यहाँ लिखो।




छोटू, मैं ही सूर्य हूँ।
मैं दिन में दिखता हूँ।
तुम सब को प्रकाश देता हूँ।






@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




मेरे उदय होने और अस्त होने की कौनसी दिशाएँ हैं? इसका तुम्हें पता है? यह चित्र देखो, पूर्व दिशा में मैं उदय होता हूँ। रेहाना मेरे सामने खड़ी होकर, मेरे उदय होने का दृश्य देख रही है।





© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अब रेहाना ने पश्चिम दिशा की ओर पीठ की है। मेरे अस्त होने की दिशा पश्चिम है।




रेहाना अब अपना बायाँ हाथ फैलाकर पेड़ बता रही है। पेड़ उत्तर दिशा में है।



© TBS NOT TO BE REPUBLISHED




रेहाना ने अब अपना दाहिना हाथ घर की ओर फैलाया है। यही दक्षिण दिशा है। रेहाना का मकान दक्षिण दिशा में है।





बच्चो, मेरे उदय की दिशा के सामने खड़े होकर पूर्व, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण दिशाएँ पहचानो

पवन चित्र में पूर्व दिशा के सामने खड़ा है। चित्र देखो। निम्न वाक्य पूरा करो।




© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- नारियल का पेड़ पवन की _____ दिशा में है।
- कुत्ता _____ दिशा में है।
- दक्षिण दिशा में _____ है।

खेलो नाचो।

मित्रों के साथ मैदान की ओर आओ। सूर्य के सामने की ओर खड़े हो जाओ। बची हुई तीन दिशाएँ पहचानने का खेल खेलो। जो दिशाएँ ठीक पहचानेगा वही जीतेगा।




NOT TO BE REPUBLISHED

यह चित्र देखो। सामान्यतया दिन के समय करने के कुछ काम हैं। अध्यापक या बड़ों की सहायता से ये काम कौनसे हैं? यह जानकर वहाँ के चौकोन में लिखो।

दिन में तुम करनेवाले कामों के बारे में अपने मित्रों से चर्चा करो।

खाली आँखों से सूरज को सीधा मत देखो। सूरज को देखने के लिये तैयार किये हुए विशेष चश्मे हैं। इन से अध्यापक या बड़ो की सहायता लेकर देखो।




मेरे अस्तहोने का समय हुआ। अब अंधेरा हो रहा है। बच्चों, अब आकाश देखो।



तुम्हे रात में क्या दिखाई दे रहा है? यहाँ लिखो।

_____ _____



मैं चाँद हूँ, रात के आकाश में दिखाई देता हूँ। हर रोज रात में मेरा आकार देखो, मेरा आकार बदलता रहता है न? मैं पूरे आकार में दिखाई देनेवाला दिन ही पूर्णिमा, न दिखाई देनेवाला दिन अमवास्या का होता है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

कर के देखो

नीचे 15 चौक दिये गये हैं। पूर्णिमा के दिन से आरंभ कर अमावास्या तक हर दिन आकाश देखो। चाँद का आकार यहाँ लिखो।

पूर्णिमा, अमावास्या कितने दिनों में एक बार आती है, जानो।


बच्चों, रात को आकाश में तुमने हमें भी देखा है न?



हम ही नक्षत्र हैं। रात के आकाश में हम चमकते रहते हैं। हमारी गिनती करोगे?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बिंदु जोडो, चित्रों में रंग भरो।



गाओ नाचो

सूरज आया आसमान से,
किरणें छोड़ रहा अपने बदन से ;
पंछी निकले घोंसलों से,
काम-काज चलने लगे होश-जोश से।

चंदा मामा आओ,
चांदनी रात लाओ ;
तारों के साथ मिल जाओ,
सबेरे तक खेले जाओ।

चमकीले चमकीले तारे,
मिलजाये साथ हमारे,
दमकेंगे तुम्हारे उजाले में,
खेलेंगे हम मस्त जोश में।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 19


सुन्दर गाँव मेरा गाँव


L3A9N2


इस पाठ को पढने के बाद तुम,


- स्थानीय भौगोलिक लक्षण पहचानोगे।
- अपने क्षेत्र और तालुका पहचानोगे।

ये चित्र देखो। पिछली कक्षा में सीखे विषयों को याद करो। चित्रों के नाम उनके नीचे दिये गये चौक में लिखो।











NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS





मैं कौन हूँ?

मैं चौड़ा, गहरा हूँ। मेरा पानी कपड़े धोने, वाहन धोने, जानवरों का अंग धोने, खेती के लिए और अनेक कामों के लिए उपयोग में लेते हैं। मैं कौन हूँ ?




तुम्हारे गाँव में तालाब हो तो बड़ों के साथ जाकर भेंट दो। वहाँ चलनेवाले काम देखो।

तुम्हारे गाँव के तालाब साफ़ है? देखो। इस पानी को साफ़ रखने के लिए क्या करोगो ? बताओ।


NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

मेरा रंग हरा है। अनेक तरह के पेड़-पौधे, प्राणी, पक्षी मेरे पास हैं। ठंडी हवा देता हूँ।
मैं कौन हूँ ?




तुम्हारे गाँव के नजदीक जंगल हो तो वहाँ रहे प्राणी, पक्षियों के बारे में जान लो। जंगल के पेड़-पौधे काटेंगे तो क्या होगा? मित्रों के साथ चर्चा करो।

जहाँ देखो वहाँ पानी ही पानी। लेकिन सारा मेरा पानी। मेरे तटपर बालू की ढेर होती है। जहाज मुझपर चलते हैं। मछुवारे मछलियाँ पकड़ते हैं।
मैं कौन हूँ ?



तुम्हारे गाँव के नजदीक समुद्र तट हो तो बड़ो को साथ जाकर वहाँ के काम देखो।


मैं ऊँचा हूँ। कभी कभी मुझ में बड़े-बड़े पत्थर हैं। पेड-पौधे होते हैं।
मैं कौन हूँ ?



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


तुम्हारे गाँव के समीप पहाड़-पहाड़ियाँ हो तो मित्र और बड़ों के साथ वहाँ घूमने जाओ। उनका आकार देखो। वहाँ दिखनेवाली वस्तुओं की सूची बनाओ।

कल-कल, छल-छल करती बहती हूँ। मेरा पानी पीने और अन्य कामों के लिए चाहिए। अनेक सस्य मेरे यहाँ बढ़ते हैं। बहुत सारे प्राणी भी मेरे यहाँ रहते हैं।
मैं कौन हूँ?



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बिंदु जोड़कर रंगभरो



खेल खेलो

इस अक्षरमाला में तुम्हारे आस-पास की वस्तुएँ हैं।

उन्हें पहचानकर गोला लगाओ और सूची बनाओ। एक नमूना यहाँ दिया गया है।

द	स	प	ष	ग	ओ	प	मा
अ	आ	य	ई	बा	द	ल	य
ण	ख	न	व	दि	औ	ल	श
क	र	दी	ब	क्क	बा	ग	प
ब	द	उ	झा	त	व	ह	हा
न	ल	ड	ड़ि	ल	न	मु	डि
म	के	ऐ	याँ	खि	म	जे	याँ
न	त	च	ड	रे	के	प	मा
स	मु	द्र	ऋ	आ	आ	गा	ल

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

नमूना : समुद्र

1. _____
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____

गाओ नाचो

आओ भैया, आओ बहना,
गाँव देखकर आयेंगे,
आस-पास में रहे
देख-पूछकर जानेंगे।


पहाड़ पहाड़ियाँ झाडी जंगल
हमारे आस पास रहेंगे,
पेड़ पौधे प्राणी पंछी
इसमें रहने को जानेंगे।

नदी नाले कुएँ तालाब
हमारे आस पास बहते हैं,
समुंदर ही सबसे बडा भैया
यह सब कुछ हमने जान लिया

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

तुम्हारे गाँव के चारों ओर पहाड, पहाडियाँ, तालाब नदियाँ हैं? हो तो वे कहाँ है? इसके बारे में अपने मित्र / सहेलियों के साथ चर्चा करो। इनके बारे में जान लो।

चित्र देखो। सिंचना अपने गाँव का परिचय दे रही है।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तर दो

- तुम्हारे गाँव का नाम यहाँ लिखो _____
- तुम्हारा गाँव किस क्षेत्र से जुडा है, यह अध्यापक की सहायता से जानकर, चौकाकार में लिखो _____
- तुम्हारा गाँव किस तालूक में है, यह अध्यापक या बड़ों से जानकर यहाँ लिखो _____

गाओ नाचो

गाँव गाँव अपना गाँव

कौन सा है तुम्हारा गाँव

है मेरा गाँव _____

क्षेत्र क्षेत्र अपना क्षेत्र

कौन सा है तुम्हारा क्षेत्र

_____ है मेरा क्षेत्र।

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

इसी तरह तालूक और जिले के गीतों की रचनाकर मित्रों के साथ राग बद्ध गाओ।

